**दिनांक: 17-08-2017**

# राष्ट्रीय दलों को कॉर्पोरेट और व्यपारिक घरों से प्राप्त दान का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2015-16 तक

(ज्ञात स्त्रोत रु 20,000 से अधिक का दान)

**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)**
**द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)

टी- 95, सी ऐल. हाउस, दूसरा मंजिल, गौतम नगर,

नियर  गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स,


नई दिल्ली – 110049

Tel: 011 4165 4200


# परिचय

आय में **100% छूट** पाने के लिए, राजनीतिक दलों को एक वित्तीय वर्ष में रु 20,000 से अधिक का दान (1 अप्रैल और 31 मार्च के बीच) का विवरण  चुनाव आयोग को हर साल प्रस्तुत करना अनिवार्य है | इस दान रिपोर्ट में दलों को दान दाताओं का नाम, पता, पैन, भुगतान की विधि और योगदान राशि का ब्योरा देना होता है |

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (**एडीआर**) ने 8 जनवरी, 2014 की अपनी **रिपोर्ट** में कहा था कि वि व् 2004-05 और 2011-12 के बीच (8 वर्षों में) **कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों** के विभिन्न क्षेत्रों ने राष्ट्रीय दलों को कुल **रु 378.89 करोड़** का दान दिए | यह दान राष्ट्रीय दलों के **ज्ञात स्त्रोतों** के कुल योगदान का **87%** था |
- यह रिपोर्ट **वित्तीय वर्ष 2012-13** और **2015-16** के बीच, कॉर्पोरेट/ व्यापारिक घरों से राष्ट्रीय दलों को प्राप्त दान (रु 20,000 से अधिक) का विश्लेषण है |
- इस रिपोर्ट में **भाजपा, कांग्रेस, एनसीपी, सीपीआई** और **सीपीएम** के दान रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया है | **बसपा** एक राष्ट्रीय दल होने के बावजूद, इस रिपोर्ट में **नहीं शामिल है** क्यूंकि वि व् 2012-13 और 2015-16 के बीच **बसपा** ने यह घोषित किया है की उसको रु 20,000 से अधिक का **एक भी दान नहीं मिला** है |
- इस विश्लेषण में देखा गया है की पिछले 4 वित्तीय वर्षों में कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों के विभिन्न क्षेत्रों ने राष्ट्रीय दलों को **रु 956.77 करोड़** दान दिया है | यह दान राष्ट्रीय दलों के **ज्ञात स्त्रोतों** के कुल योगदान का **89%** है |




**Graph: Comparison of corporate donations to National Parties between FY 2004-05 -2011-12 and FY 2012-13 – 2015-16**




**Graph: Percentage share of donations from various business houses to National Parties, between FY 2012-13 and 2015-16**

# सारांश

1. **<u>कॉर्पोरेट /व्यापारिक घरों से राष्ट्रीय दलों को योगदान</u>**

a) पांच राष्ट्रीय दलों में से, भाजपा को कॉर्पोरेट /व्यापारिक घरों से सबसे अधिक दान (रु 20,000 से अधिक) प्राप्त हुआ है | इस राष्ट्रीय दल को **2987 कॉर्पोरेट /व्यापारिक दान दाताओं** से **रु 705.81 करोड़** दान मिला | दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसको **167 दान दाताओं** से **रु 198.16 करोड़** दान मिला |

b) वि व् 2012-13 और 2015-16 के बीच भाजपा को स्वैच्छिक योगदान (रु 20,000 से अधिक) से **92%** का दान कॉर्पोरेट या व्यापारिक घरों से प्राप्त हुआ जबकि कांग्रेस के ज्ञात स्त्रोतों से **85%** का दान कॉर्पोरेट या व्यापारिक घरों से है |

c) कॉर्पोरेट या व्यापारिक घरों से सबसे कम योगदान **सीपीआई और सीपीएम** ने घोषित किया है | राष्ट्रीय दलों के कुल कॉर्पोरेट दान का केवल **4%** सीपीआई को और **17%** सीपीएम को मिला है |






**Table: Share of donations from corporate/business houses in total donations to national parties between FY 2012-13 to 2015-16**

2. **<u>राष्ट्रीय दलों को प्राप्त कॉर्पोरेट दान - सालाना विवरण</u>**

a) राष्ट्रीय दलों ने वि व् 2014-15 में सबसे अधिक कॉर्पोरेट क्षेत्रों से दान प्राप्त किया है, जो **लोकसभा चुनाव वर्ष** था |

b) **60%** का कुल कॉर्पोरेट दान, राष्ट्रीय दलों को वि व् 2014-15 में मिला है |

c) वित्तीय वर्ष 2012-13 और 2015-16 के बीच राष्ट्रीय दलों को प्राप्त कॉर्पोरेट दान में **86.58% की भारी गिरावट** देखी गयी |




3. **<u>राष्ट्रीय दलों के शीर्ष कॉर्पोरेट दान दाता</u>**


a) वि व् 2012-13 में दान न देने के बावजूद, **सत्या इलेक्टोरल ट्रस्ट** तीन राष्ट्रीय दलों का सबसे शीर्ष दान दाता है | वि व् 2013-14 और 2015-16 के बीच इस ट्रस्ट ने **35 दानों** द्वारा कुल **रु 260.87 करोड़** भाजपा, कांग्रेस और एनसीपी को दिया है |

b) **सत्या इलेक्टोरल ट्रस्ट** से भाजपा को **रु 193.62 करोड़**, कांग्रेस को **रु 57.25 करोड़** और एनसीपी को कुल **रु 10 करोड़** मिला |

c) केंद्र सरकार ने 2013 में इलेक्टोरल ट्रस्टों के पंजीकरण और उनके कार्यों के नियमों "**Electoral Trust Scheme**" द्वारा घोषित किया था | इन नियमों के मौजूदगी के पहले से ही जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान देता आ रहा है |

d) वि व् 2012-13 और 2015-16 के बीच जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट भाजपा और कांग्रेस का दूसरा शीर्ष कॉर्पोरेट दान दाता है | इस ट्रस्ट ने भाजपा को **रु 70.70 करोड़** और कांग्रेस को **रु 54.10 करोड़** का दान दिया है |

e) सीपीआई और सीपीएम को सबसे अधिक दान एसोसिएशन या यूनियन से मिला है | सीपीआई को 15 अलग अलग एसोसिएशन/यूनियन से **रु 14.64 लाख** और सीपीएम को 7 अलग अलग एसोसिएशन से **रु 1.09 करोड़** मिला है |




## व्यवसायों के आधार पर व्यापारिक दान दाताओं का वर्गीकरण :

a) कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों के योगदान को एडीआर ने **14 क्षेत्रों** में विभाजित किया है | यह विभाजन चुनाव आयोग को दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए दान विवरण में नहीं होता है | इन व्यापारिक क्षेत्रों में ट्रस्ट और ग्रूप ऑफ़ कम्पनिया, उत्पादक कंपनियां, तेल और बिजली, खनन, निर्माण, निर्यात/आयत, रियल एस्टेट के अलावा अन्य भी शामिल है |

b) वित्तीय वर्ष 2012-13 और 2015-16 के बीच 5 राष्ट्रीय दलों को सभी कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों ने **रु 956.77 करोड़** का दान मिला है |

c) राष्ट्रीय दलों को जिन " ग्रूप ऑफ़ कम्पनिया" ने दान दिया है उन व्यापारिक घरों के अलग-अलग क्षेत्र की जानकारी का विवरण **अनुबंध 1** में दिया गया है |

d) राष्ट्रीय दलों को "इलेक्टोरल ट्रस्ट" से मिले दान का विवरण **अनुबंध 2** में है |

e) विभिन्न कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों का वर्गीकरण निचे दी गयी तालिका में सूचीबद्ध हैं | रिपोर्ट का विश्लेषण इसी सूची के आधार पर बनाया गया है |

| S. No. | Sector | Donors considered under this category | Total donations made |
|---|---|---|---|
| 1 | Trust & Group of companies | Electoral trusts, charitable trusts, education trusts, foundations, Public and Political Awareness trust, centenary fund, group of companies* | **Rs 432.65 cr** |
| 2 | Manufacturing | Distilleries, steel, engineering, cement, sugar mills, food production houses, metal, ceramics, tea, fabrics, textile manufacturing, FMCG | **Rs 123.67 cr** |
| 3 | Real Estate | Builders, real-estate agencies, Properties, Project | **Rs 121.23 cr** |

| S. No. | Sector | Donors considered under this category | Total donations made |
|---|---|---|---|
| 4 | Mining, construction, exports/ imports | Mining of iron ore, coal, infrastructure, export/ imports of minerals, quarry & stone crushers, textiles dyeing & printing,, diamonds, food items, handicrafts, diamond dealers, contractors | **Rs 87.2 cr** |
| 5 | Chemicals/ Pharmaceuticals | Pharmaceuticals, chemical manufacturing units for electronics, coatings, water and energy, laboratories, waste processing, water treatment | **Rs 47.2 cr** |
| 6 | Power & Oil | Power generation and distribution companies, power plants, oil & gas industries | **Rs 36.67 cr** |
| 7 | Finance | Stocks/ share brokers, bank, finance consultants, lottery agencies, securities, investments and trading companies, financiers, accounting, Charted Accountants, Bank, commodity brokers | **Rs 36.1 cr** |
| 8 | Others | IT, suppliers, agencies, leasing companies, fruits/ vegetables merchants, jewellers, traders, suppliers, dealers, Service providers, wholesalers, retailers, Business Parks, Shopping Mall, Cold Storage, rent & repair | **Rs 29.6 cr** |
| 9 | Associate/ associations, corporation | Consultancy services, corporations, organizations, builders' association, housing corporations, detectives, security & intelligence services, traders' association, trade unions, Philanthropy/Charity, NGO, Project Management | **Rs 14.45 cr** |
| 10 | Hospitality, Travels and Recreation | Hotels, club/ resorts, decorators, taxi owners, travel agencies, cruise companies, Restaurants, Amusement Parks, Event Management, entertainment, gym | **Rs 8.91 cr** |
| 11 | Shipping Industry and transport | Port, shipping companies, freight services, courier companies, toll-ways, packers and movers, transportation business houses, logistics, aviation, motor dealers | **Rs 5.01 cr** |
| 12 | Education | Educational institutes, colleges and schools, coaching centres, publishing | **Rs 1.46 cr** |
| 13 | Communication | Telecom houses, cable networks, advertising, marketing, publicity, tele-services, media | **Rs 1.08 cr** |
| 14 | Hospitals | Hospitals, diagnostic centres, nursing homes, hospital and research centres, medical imaging, hospital management | **Rs 1.06 cr** |
| 15 | ***Unsegregated*** | ***No details are available online or no clarity regarding their category*** | ***Rs 10.48 cr*** |
| **Total donation made by corporate and business houses** | | | **Rs 956.77 cr** |

**Table: Details of donors considered under various categories along with the total donation made under each category**


*** - Various business interests of the groups of companies is provided in Annexure -1**

4. **राष्ट्रीय दलों को शीर्ष दान देने वाले व्यसायिक क्षेत्र - सालाना**

   a) वि व् 2012-13 के दौरान राष्ट्रीय दलों को **रियल एस्टेट क्षेत्र** से सबसे अधिक दान मिला है जो कुल मिलाकर **रु 16.95 करोड़** की दानराशि है । इस क्षेत्र से सबसे अधिक धनराशि **भाजपा** को **रु 15.96 करोड़**, **कांग्रेस** को **रु 95 लाख** और **सीपीएम** को **रु चार लाख** मिले हैं ।

   b) वि व् 2013-14 से 2015-16 के बीच, ट्रस्ट और ग्रूप ऑफ़ कंपनियों (यह ग्रूप खनन, रियल एस्टेट, पावर, अखबार आदि का समूह है) ने राष्ट्रीय दलों को सबसे अधिक दान दिया है । कुल 113 दानों द्वारा इन ट्रस्ट और ग्रूप ऑफ़ कंपनियों ने राष्ट्रीय दलों को **रु 419.69 करोड़** का धनराशि दिया है ।


c) वि व् 2012-13 और 2015-16 के बीच, दूसरा सबसे अधिक दान दाता उत्पादन क्षेत्र से हैं जिन्होंने पांच राष्ट्रीय दलों को कुल मिलाकर रु **123.67** करोड़ का दान दिया है |




5. **विभिन्न क्षेत्रो से प्राप्त अधिकतम दान : दलवार**

a) भाजपा, कांग्रेस और एनसीपी को सबसे अधिकतम दान ट्रस्ट और ग्रूप ऑफ़ कम्पनीज द्वारा मिला है | इन तीन राष्ट्रीय दलों में से पहले स्थान पर भाजपा (रु 287.69 करोड़ ) उसके बाद कांग्रेस (रु 129.16 करोड़) और एनसीपी रु 51.78 करोड़ है |


b) इस विश्लेषण से यह पता चलता है की कुल 14 क्षेत्रों में से हर एक क्षेत्र का सबसे अधिकतम दान राशि भाजपा को ही मिला है | रियल एस्टेट (रु 105.20 करोड़ ), खनन, निर्माण, निर्यात/आयत (रु 83.56 करोड़) और रसायन/फार्मास्युटिकल्स (रु 31.94 करोड़) शीर्ष दान दाताओं में से हैं |



6. **<u>पता और पैन विवरण के बिना दान</u>**

a) राष्ट्रीय दलों के दान रिपोर्ट्स में कुल **1933 दानों** के पैन विवरण की जानकारी घोषित नहीं की है | इन दानों से दलों ने कुल मिलाकर **रु 384.04 करोड़** प्राप्त किया है |

b) राष्ट्रीयों दलों ने अपने दान रिपोर्ट में **1546 दानों** का पता घोषित नहीं किया है इन दानों से दलों को **रु 355.08 करोड़** मिला |




7. **<u>गैर-संकलित दान</u>**

a) राजनीतिक दलों ने कुछ ऐसे कॉर्पोरेट/व्यापारिक घरों से दान लिया है जिनका विवरण इंटरनेट में उपलब्ध नहीं है या उनके व्यापार की जानकारी में **अस्पष्टता** देखी गयी है | ऐसे **गैर संकलित दान 262** थे जिन से दलों ने कुल **रु 10.48 करोड़ प्राप्त किया |**

b) जिन कंपनियों का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध था मगर उनके सम्पर्क विवरण सार्वजनिक रूप में उपलब्ध नहीं थे उनको संकलित नहीं किया गया है | वे भी गैर संकलित सूची में शामिल हैं |

National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

# एडीआर की सिफारिशें

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए |
- सभी दान दाताओं जिन्होंने रु 20,000 या उससे अधिक का दान दिया है उनका पैन विवरण और दान तिथि की जानकारी भी अनिवार्य होना चाहिए |
- जो राजनीतिक दल तय तिथि के अंतर्गत (31 अक्टूबर) अपना दान विवरण चुनाव आयोग जमा में नहीं करता है उसको कर में छूट न देने के साथ-साथ जुरमाना भी लगना चाहिए |
- बिना पता और पैन के विवरण, राष्ट्रीय दलों ने कुल **1062 कॉर्पोरेट दान दाताओं** से **रु 159.67 करोड़** एकत्रित किया है | ऐसे अधूरी जानकारी वाले दान रिपोर्टों को चुनाव आयोग जमा करने से इंकार करना चाहिए |
- कॉर्पोरेट अपने वेबसाइट द्वारा राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे का विवरण वित्तीय पारदर्शिता के लिए सार्वजानिक करें |
- राजनीतिक दलों को शैल कंपनियों द्वारा या गैर क़ानूनी गतिविधियों से चंदा इकट्ठा करने से रोकने के लिए सीबीडीटी को हर एक पंजीकृत राजनीतिक दल के दान रिपोर्ट की सालाना जाँच करना चाहिए |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है http://eci.nic.in/eci_main1/ PolPar/ContributionReports.aspx

रिपोर्ट बनाते समय शूचिता का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

# सम्पर्क


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist<br>Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>trilochans@iimb.ernet.in |